

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

देखें पेज 7 ● वर्ष- 15 अंक-119 कटनी ● मंगलवार, 1 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


### जल्द आयेगा इंकम टेक्स का नया पोर्टल




**नई दिल्ली।** रिटर्न फाइलिंग को आसान बना रहा है। विभाग टैक्सपेयर्स के लिए एक नया ई-फाइलिंग वेब पोर्टल पेश करने की तैयारी में है। इसका यूज आईटीआर दाखिल करने के साथ टैक्स से जुड़े अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नया पोर्टल अधिक सहज और सुविधाजनक होगा। इसके लिए मौजूदा वेब पोर्टल 1 से 6 जून के बीच बंद रहेगा। इसके लॉन्च होने के बाद लोग मोबाइल से भी आईटीआर फाइल कर पाएंगे।

## एक और चीनी खतरा

# H10N3 बर्ड फ्लू का संक्रमण, दुनिया का पहला मामला

### जिआंगसू प्रांत के झेनजियांग शहर में एक 41 वर्षीय पुरुष में जानलेवा वर्ड फ्लू का संक्रमण, चीनी सरकार की पुष्टि

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश के जिआंगसू प्रांत में H10N3 बर्ड फ्लू का पहला मानव संक्रमण मामला सामने आया है। इसका मतलब यह है कि H10N3 बर्ड फ्लू का संक्रमण पहली बार किसी इंसान में पाया गया है। ये संक्रमण एक पुरुष में पाया गया है। जिआंगसू प्रांत के झेनजियांग शहर में एक 41 वर्षीय पुरुष में यह वर्ड फ्लू का संक्रमण देखा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि मुर्गी पालन से यह बर्ड फ्लू फैला है और बड़े स्तर पर इसके फैलने का खतरा काफी कम है। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर लिखे गए एक बयान के आधार पर यह जानकारी सामने आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि दुनिया में अभी तक H10N3 बर्ड फ्लू का मानव संक्रमण का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। आयोग ने जानकारी दी कि 28 अप्रैल को शख्स को अस्पताल में भर्ती किया गया था। शख्स



में बुखार और अन्य लक्षण देखे गए थे। एक महीने बाद यानी 28 मई को शख्स में H10N3 बर्ड फ्लू के वायरस की पुष्टि हुई है। हालांकि आयोग का कहना है कि इस वायरस का खतरा अभी उतना नहीं है। वहीं पीड़ित शख्स की स्थिति अभी सामान्य है और जल्द ही उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। वहीं शख्स के संपर्क में आए लोगों में ये संक्रमण नहीं पाया गया है। बता दें कि चीन में एवियन इंफ्लूएंजा के कई स्ट्रेन मौजूद हैं और इनमें से कुछ इंसानों को भी संक्रमित कर चुके हैं।

### वायरस की उत्पत्ति जानना जरूरी: अमेरिका

चीनी प्रयोगशाला से कोरोना वायरस फैलने की खुफिया रिपोर्ट के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर हमने कोरोना की उत्पत्ति का पूरी तरह पता नहीं लगाया तो दुनिया को भविष्य में कोविड-26 और कोविड-32 जैसी महामारी के लिए तैयार रहना होगा। अधिकारियों के मुताबिक, जानवरों से कोरोना वायरस की थ्योरी वैश्विक स्तर पर लोगों को संतुष्ट करने में नाकाम रही है। लिहाजा उस पर वायरस उत्पत्ति की जांच के लिए ज्यादा पारदर्शिता दिखाने का दवाब बनाना होगा। दरअसल, चीन के वुहान सीफूड मार्केट में वायरस मिलने के करीब डेढ़ साल बाद भी इसकी सही उत्पत्ति का पता नहीं चला है। टेक्सास के एक अधिकारी पीटर होट्ज ने कहा है, हमें कोरोना की उत्पत्ति को ठीक ढंग से समझना जरूरी है।

## पहरेदारी में अनलॉक




**भोपाल।** समूचे प्रदेश को आज से अनलॉक कर दिया गया। पहरेदारी और कुछ प्रतिबंधों के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलने और लोगों को आवाजाही की छूट दी है। लोग घरों से जरूरी सामान खरीदने बाजार में निकल आए हैं। बाजार खुलते ही थाना स्तर पर पुलिस भी निगरानी करने बाजारों में उतर आई है। निगरानी के लिए आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। चेकिंग प्वाइंट पर रोजाना की तरह चेकिंग की जा रही है। बाजारों में शारीरिक दूरी और मास्क पहने व्यक्ति को ही सामान देने की चेतावनी दी जा रही है।

## क्विक अपडेट



### शिक्षा मंत्री निशंक की तबीयत बिगड़ी परीक्षा पर आज फैसला खटाई में

**नई दिल्ली।** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा होगी या नहीं, होगी तो स्वरूप क्या रहेगा? इस पर केंद्र सरकार की अहम घोषणा आज होना है, लेकिन इससे पहले शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दिल्ली ऐम्स में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि कोरोना महामारी के बाद के असर के कारण उनकी सेहत बिगड़ी है। अभी यह साफ नहीं है कि 12वीं की परीक्षा आज होने वाली घोषणा होगी या नहीं क्योंकि निशंख घोषणा करने वाले थे।

### सेक्स रेकेट में मिलीं उजबेकिस्तान की युवतियां



**चिनहट।** यहां हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का खुलासा पुलिस ने किया है। इस रैकेट में उजबेकिस्तान की दो युवतियों सहित दस लोग गिरफ्तार किये गये है। एडीसीपी पूर्वी एसएम कासिम आबिदी की क्राइम टीम व चिनहट पुलिस ने संयुक्त आपरेशन में यह कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से होटल के कुछ कर्मचारी भी दबोचे हैं। दो इलाकों में यह छापेमारी की गई है।

### बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों ने लगाई काली पट्टी



**नई दिल्ली।** एलोपैथी चिकित्सा को लेकर बाबा रामदेव के साथ डॉक्टरों का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि मंगलवार को बाबा रामदेव के खिलाफ देश भर में डॉक्टरों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोरोना महामारी के बीच इस विवाद ने सरकारों को भी चिंता में डाल दिया है।

## 54 दिन बाद देश में कोरोना के सबसे कम नए केस



**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 1,27,510 मरीज सामने आए हैं। 54 दिन बात यह आंकड़ा इतना नीचे आया है। वहीं इस दौरान 2,55,287 मरीज ठीक होकर घरों को लौटे हैं। एक दिन में होने वाली मृतक संख्या भी घटकर 3000 से नीचे (2,795) आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना महामारी से अब तक 2,81,75,044 केस सामने आए हैं। इनमें से 2,59,47,629 मरीज ठीक हो गए हैं। मृतकों का कुल आंकड़ा 3,31,895 है। अभी इस देश में 18,95,520 एक्टिव केस है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर लगातार कमजोर पड़ी रही है और यही कारण है कि 1 जून से कुछ राज्यों ने अपने यहां लॉकडाउन में छूट दी है। दिल्ली में 31 मई से ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई, वहीं 1 जून से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मुंबई में नियमों में छूट मिल गई। मध्य प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू 15 जून तक जारी रहेगा लेकिन कर्फ्यू में छूट दे गई है। भोपाल में शाम छह बजे तक खुल सकेंगी हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल्स, बिल्डिंग मटेरियल की दुकानें। वहीं रात आठ बजे से नाइट कर्फ्यू रहेगा। वहीं इंदौर में भी कोरोना कर्फ्यू में ढील देते हुए 1 जून से अनलाक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले अनलाक में निर्माण कार्य, सार्वजनिक परिवहन को शुरू किया जा रहा है। साथ ही किराना व ग्रोसरी, कृषि उपयोग में आने वाले उपकरण, चश्मे, निर्माण सामग्री, बिजली उपकरण आदि कारोबार की दुकानें शुरू की जा रही हैं। इसी तरह 1 जून से यूपी के 61 जिलों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजधानी लखनऊ, गौतमबुद्धनगर समेत 14 जिलों में कोरोना कर्फ्यू से कोई राहत नहीं मिलेगी। इन जिलों में पहले की तरह स्कूल और कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे।

## यह कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक तो नहीं ?

# अहमदनगर में 9928 बच्चे कोरोना संक्रमित, बढ़ी चिंता



**अहमदनगर।** महाराष्ट्र में कोरोना की तीसरी लहर दस्तक देती नजर आ रही है। अहमदनगर में मई में 9,928 बच्चे कोरोना संक्रमित पाये गए हैं। सिविल सर्जन सुनील पोखरना ने कहा, कुल पॉजिटिवी रेट में वृद्धि के कारण बच्चों की पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि हुई है। अप्रैल में 7,760 बच्चे कोरोना संक्रमित पाये गए थे, हालांकि कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया था। लेकिन प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ने लगी है। बता दें कि इस बारे में वैज्ञानिकों का मत है कि कोरोना की तीसरी लहर बच?चों के लिए बेहद घातक साबित होगी।

राज्य सरकार लगभग 2 माह से तीसरी लहर से मुकाबले की तैयारियों में लगे होने का दावा कर रही थी। बच्चों में तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए सांगली समेत कई जिलों में बच्चों के लिए स्पेशल कोरोना वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। अहमदनगर में अचानक इतने अधिक मामले सामने आने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, जिला प्रमुख राजेंद्र भोंसले ने भी चिंता व्यक्त की है। ज्ञात हो कि इससे इससे पहले बच्चों में संक्रमण के ज्यादा मामले राजस्थान में दर्ज किए गए थे।

### गिलोय हो सकती है राष्ट्रीय औषधि घोषित

यह खबर राहत भरी है कि विभिन्न प्रकार के संक्रमण रोकने में कामयाब साबित हो चुकी गिलोय राष्ट्रीय औषधि घोषित हो सकती है। केंद्र सरकार ने गिलोय को गुणों से भरपूर माना है। गिलोय अनेक अलग-अलग बीमारियों में लाभदायक है। सभी राज्यों में इसका प्रचार प्रसार करने की केंद्र ने रणनीति तैयार की है। इसके गुणों को लेकर विभिन्न राज्यों में 30 से अधिक शोध करने की तैयारी की है। आयुष मंत्रालय ने एक आरटीआइ में गिलोय को राष्ट्रीय औषधि घोषित किए जाने के प्रयासों के बारे में पूछे जाने पर यह जानकारी दी है। पौराणिक कथाओं में गिलोय का उल्लेख मिलता है। जिसमें कहा गया है कि गिलोय के गुण, अमृत के समान हैं। यह बात भी साबित हो चुकी है कि गिलोय अलग-अलग बीमारियों में लाभदायक है। इसे आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा के रूप में उपयोग किया जा रहा है। कोराना काल में भी गिलोय राम बाण साबित हुई है। अनेक लोगों ने गिलोय को इस दौरान आजमाया है।



### जबरन शादी करना चाहती थी बीमार गर्लफ्रेंड, ब्वायफ्रेंड ने इंजेक्शन लगाकर मार डाला

**मुंबई।** नवी मुंबई में एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड को केटामाइन का इंजेक्शन लगाकर जान से मार डाला। आरोपी ने बताया कि युवती किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। ऐसे में वह उससे शादी नहीं करना चाहता था और बीमारी का इलाज करने के बहाने उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया।

#### 29 मई को मिला था युवती का शव

पनवेल पुलिस थाने के अधिकारियों के मुताबिक, 29 मई को पनवेल के उस इलाके में एक युवती का शव बरामद हुआ, जहां हवाई अड्डा बनना है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शुरुआत में युवती की पहचान नहीं हो सकी, क्योंकि शव के पास किसी भी तरह की आईडी या कागजात नहीं मिला। हालांकि, 30 मई को एक ऑटो ड्राइवर को एक प्लास्टिक बैग मिला, जिसमें एक आधार कार्ड, एक पर्स और महिला के कुछ कपड़े थे। कुछ समय बाद एक शख्स पुलिस थाने पहुंचा और उसने शव की शिनाख्त की। उसने खुद को युवती का भाई रमेश थोम्बरे बताया। इसके अलावा उसने ऑटो ड्राइवर को मिले सामान की पहचान की और उन्हें युवती का बताया।

### संकट के बीच जूडा की हड़ताल

**भोपाल।** प्रदेश भर में जूनियर डॉक्टर फिर सोमवार से हड़ताल करने जा रहे हैं। वह मानदेय बढ़ाने समेत अन्य छह मांगें कर रहे हैं। उनके आंदोलन से म्यूकरमाइकोसिस व अन्य मरीजों के इलाज में सोमवार को मुश्किल आएगी। जूडा ने कहा है कि मांगें नहीं मानी तो मंगलवार से कोविड ड्यूटी का काम भी बंद कर देंगे। बता दें कि इसी महीने छह मई से दो दिन के लिए जूडा ने आंदोलन किया था। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के आश्वासन के बाद जूडा ने हड़ताल खत्म कर दी थी।

## शिवराज केबिनेट में कई निर्णय



**भोपाल।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जान जोखिम में डालकर मैदानी मोर्चा संभालने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने कोरोना योद्धा योजना एक अप्रैल से 31 मई 2021 तक लागू करने का निर्णय लिया। अब इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए मंगलवार को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना के अनुसमर्थन का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग वर्ष 2030 तक के लिए पोषण नीति विचार के लिए रखेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली बैठक में दस से ज्यादा विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें सभी नियमित,स्थायीकर्मी, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, आउटसोर्स, अन्य शासकीय सेवक की कोरोना संक्रमण की रोकथाम के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को विशेष अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, एक अप्रैल से 31 मई 2021 तक कोरोना योद्धा लागू रखी जाएगी। कोरोना संक्रमण के खिलाफ कार्य के दौरान मृत्यु पर पूर्व से चिह्नित कर्मचारी के स्वजनों को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण नीति 2020-30 तैयार की है। इसे बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें किचन गार्डन योजना के माध्यम से फल और सब्जी के पौधे एवं बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

## दावा: कोरोना वैक्सीन की सिंगल डोज ही प्रभावी !

### तीसरी लहर की आशंका के बीच रिसर्च जारी




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर जारी है और तीसरी का खतरा मंडरा रहा है। कोरोना के खिलाफ में जंग में इकलौता हथियार कोविड वैक्सीन की भी किल्लत है। ऐसे में भारत सरकार इस पर भी रिसर्च करने वाली है कि क्या वैक्सीन की एक डोज ही काफी है। इसके इतर ऐसी रिसर्च भी सामने आ रहीं हैं, जिनमें ये दावा किया जा रहा है कि अगर कोरोना हो चुका है, तो पर्याप्त एंटीबॉडीज बनाने के लिए वैक्सीन की एक डोज ही काफी है। हालांकि, इस थ्योरी पर विशेषज्ञों ने सवाल उठाए हैं। देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान जारी है। वैक्सीन की किल्लत कोविड टीकाकरण में बाधा बन खड़ी हुई है। इसके इतर वैक्सीन को लेकर डर, अफवाह और वैक्सीन के असरदार होने को लेकर जबरदस्त कन्फ्यूजन बना हुआ है। इन सबके बीच भारत में कोवैक्सीन, कोविशील्ड और स्पूतनिक वी वैक्सीन लगाईं जा रहीं हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा डोज कोविशील्ड की लग रहीं हैं। देश में अब तक लगी कुल वैक्सीन डोज में से 90 फीसदी से ज्यादा टीके कोविशील्ड के लगाए गए हैं। वहीं अब भारत सरकार अगले कुछ महीनों में इस बात पर रिसर्च करेगी कि क्या कोविशील्ड की सिंगल डोज कोरोना से रक्षा के लिए काफी है?

#### दावा- ठीक हुए लोगों में एक डोज काफी

बता दें कि कोविड की सभी वैक्सीन की अलग-अलग डोज में समय का एक निश्चित अंतर होता है और ये अंतर इसलिए होता है ताकि अच्छी मात्रा में एंटीबॉडी बन सके। कोविशील्ड को लेकर अलग-अलग रिसर्च आईं और वैक्सीन की डोज के बीच का गैप कई बार बढ़ाया गया। माना जा रहा है कि जो व्यक्ति कोरोना से बचा हुआ है, उसे दो डोज लगाने पर ही पर्याप्त एंटीबॉडी बनेगी। भारत में 4 करोड़ 30 लाख से ज्यादा लोगों ने दोनों डोज ली हैं। इनमें एंटीबॉडी भी बनी है, लेकिन बहुत से ऐसे केस भी होते हैं, जिनमें एंटीबॉडी पर्याप्त मात्रा में नहीं बनती। इस बीच, साइंस जर्नल नेचर में पब्लिश हुई एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि कोरोना से ठीक हुए लोगों में वैक्सीन की एक डोज काफी है यानी उन्हें बूस्टर या दूसरी डोज लगाने की जरूरत ही नहीं है।

### बीएचयू ने दिया ये तर्क

वैज्ञानिक का कहना है कि कोरोना से ठीक हुए लोगों में एंटीबॉडी प्राकृतिक रूप से बनती है और अगर कोरोना से रिकवर हुए लोगों को वैक्सीन का एक डोज भी मिल जाए तो इम्यूनिटी लंबे समय तक बनी रहती है। इसके साथ ही बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के वैज्ञानिकों ने भी अपनी स्टडी में पाया है कि कोरोना से ठीक हुए लोगों के लिए वैक्सीन की एक डोज ही पर्याप्त है। बीएचयू के वैज्ञानिकों ने 20 लोगों पर अध्ययन किया है और इस रिसर्च को पब्लिश करने के लिए भेजा है। संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से साझा किया है और ये सुझाव दिया है कि कोरोना से ठीक हो चुके लोगों को वैक्सीन की एक डोज ही दी जाए। इससे वैक्सीन का संकट दूर होगा।

## लोक सेवा पर हावी अहंकार ?



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई बैठक में शामिल ना होने से राज्य और केंद्र सरकार के बीच दूरी को और बढ़ावा दे दिया है। वहीं बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है और कहा कि वो पहले ही बैठक में ना आने का संकेत दे चुकी थी। जगदीप धनखड़ ने ट्वीट कर दावा किया कि शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले ही ममता बनर्जी ने उन्हें मैसेज कर दिया था और कहा था कि अगर इस बैठक में सुवेंदु अधिकारी मौजूद होंगे तो वो बैठक का बॉयकॉट कर सकती हैं। राज्यपाल ने ट्वीट कर ममता बनर्जी पर यह भी आरोप लगाया कि लोक सेवा पर अहंकार हावी हो गया है।

### 123 रुपए सस्ती हुई एलपीजी

**नई दिल्ली।** जून की पहली तारीख को जहां कई राज्यों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होने से आम लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं रसोई गैस के मोर्चे पर भी राहत की बड़ी खबर आ रही है। सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को समीक्षा करती हैं और जरूरी बदलाव किया जाता है जो पूरे महीने लागू रहती हैं। ताजा खबर यह है कि 1 जून से रसोई गैस की कीमतों में बड़ा बदलाव हुआ है। जानकारी के मुताबिक, 19 किलो वाले कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 123 रुपए की कटौती हुई है।






# दुल्हन हुई कोरोना पॉजिटिव तो पीपीई किट में लिए गये सात फेरे

**वेब डेस्क।** उत्तराखंड के नैनीताल में रामगढ़ ब्लॉक के मनर्सा गांव में दुल्हन के कोरोना संक्रमित होने पर वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। शादी में दोनों पक्षों के 12 लोग शामिल हुए। वर-वधू के साथ ही बरातियों और घरातियों को 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन कर दिया गया है। सोमवार को मनर्सा गांव में दोपहर 12 बजे दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर) से बरात पहुंची, जिसमें दूल्हे समेत छह लोग थे। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में शादी की सभी रस्में पूरी हुईं। प्रशासन ने दोनों पक्षों के लिए पीपीई किट मुहैया कराई। वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। राजस्व निरीक्षक भुवन चंद्र भंडारी और उपनिरीक्षक पवन ध्यानी ने बताया कि शादी के बाद दुल्हन को एक अलग वाहन से ससुराल भेजा गया, जहां दिनेशपुर में पूरे परिवार को कोविड नियमों के तहत 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन की व्यवस्था की गई है। शादी कार्यक्रम के दौरान खैरना पुलिस कांस्टेबल हर्षवर्धन सिंह, जितेंद्र सिंह थापा भी मौजूद रहे।




उत्तराखंड के नैनीताल में रामगढ़ ब्लॉक के मनर्सा गांव में दुल्हन के कोरोना संक्रमित होने पर वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए। शादी में दोनों पक्षों के 12 लोग शामिल हुए। वर-वधू के साथ ही बरातियों और घरातियों को 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन कर दिया गया है।


सोमवार को मनर्सा गांव में दोपहर 12 बजे दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर) से बरात पहुंची, जिसमें दूल्हे समेत छह लोग थे। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में शादी की सभी रस्में पूरी हुईं। प्रशासन ने दोनों पक्षों के लिए पीपीई किट मुहैया कराई। वर-वधू ने पीपीई किट पहनकर फेरे लिए।

राजस्व निरीक्षक भुवन चंद्र भंडारी और उपनिरीक्षक पवन ध्यानी ने बताया कि शादी के बाद दुल्हन को एक अलग वाहन से ससुराल भेजा गया, जहां दिनेशपुर में पूरे परिवार को कोविड नियमों के तहत 14 दिन के लिए होम क्वारंटीन की व्यवस्था की गई है। शादी कार्यक्रम के दौरान खैरना पुलिस कांस्टेबल हर्षवर्धन सिंह, जितेंद्र सिंह थापा भी मौजूद रहे।

## 55 दिन बाद शहर में टूटा सन्नाटा, दुकानें खुलने से लौटी रौनक, लेकिन नई गाइडलाइन से असंतोष









55 दिन बाजार बदं रहने के बाद आज से दुकानें खुली तो सूनसान पड़े शहर में फिर रौनक दिखने लगी। हालांकि प्रशासन द्वारा नई गाइडलाइन के तहत एक दिन लेफ्ट और एक दिन राइट साइड की दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है। इस गाइडलाइन का व्यापारियों ने विरोध भी जताया है।

# कभी ना भरने वाला गहरा घाव दे गई कोरोना की दूसरी लहर

## क्रूर और संघर्ष भरे दौर के बाद अब धीरे-धीरे हालात हो रहे सामान्य

**कटनी। कोरोना संक्रमण काल में इस संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिये सभी स्तर पर कार्य किये गये। आगे भी जिले में इसकी रोकथाम के लिये जिला, ब्लॉक, ग्राम और वार्ड स्तर पर कार्य करने होंगे। इसी कड़ी में ग्राम एवं वार्ड आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पत्र लिख सहयोग की अपील की है। पत्र में उन्होने समस्त सदस्यों से आग्रह किया है कि हमें अपने ग्राम व वार्ड में प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा कोविड अनुकूल व्यवहार सुनिश्चित कराना होगा, साथ ही टीकाकरण के प्रति सबको प्रेरित करने की अपील उन्होंने की है।**



पत्र में कलेक्टर ने लिखा है कि जैसा कि आपको ज्ञात है कि विगत दो माह से जिले में कोरोना की दूसरी लहर में हमारे कई भाई-बहन काल के कपाल में समा गये, कितने ही परिवारों को इस महामारी ने कभी ना भरने वाले गहरे घाव दिए हैं। इस क्रूर और संघर्ष भरे दौर के बाद अब धीरे धीरे हालात में कुछ सुधार होने लगा है। पिछले 1 सप्ताह से कोरोना के प्रकरण में निरंतर कमी आई है। अस्पताल में घटते मरीज तथा घटती हुई मृत्यु दर भी इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं। वहीं उन्होंने लिखे पत्र के माध्यम से कहा है कि हालांकि यह राहत की बात है, लेकिन हमें बेपरवाह नहीं होना है। हमें अभी भी पहले जैसी सतर्कता बरतनी होगी, क्योंकि कोरोना एक ऐसी महामारी है, जो कभी भी विकराल रूप धारण कर सकती है। इसकी तीसरी लहर की आशंका भी जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में हमें कोरोना के विरूद्ध अपनी लड़ाई को आगे भी जारी रखना होगा। सर्वप्रथम, हमें अपने ग्राम/वार्ड में प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा कोविड अनुकूल व्ययवहार सुनिश्चित कराना होगा। मास्क, दो गज की दूरी, एक जगह 06 से अधिक लोगों का एकत्रित न होने देना, समय-समय पर हाथ धोना या सेनेटाइज करना ये कुछ ऐसे व्यवहार हैं जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा। लोगों को समझाना होगा कि कोरोना हम पर वार फिर से कर सकता है, इसलिए इसके विरुद्ध हम सबको मिलकर लड़ना है।

### कलेक्टर ने ग्राम एवं वार्ड आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों को लिखा पत्र

### किल कोरोना अभियान में सभी का सहयोग अपेक्षित

कलेक्टर ने पत्र में यह भी लिखा है कि जिले में कोरोना की रोकथाम के लिये किल कोरोना अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आपका सहयोग वांछनीय है, स्वास्थ्य दल को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, यदि किसी घर में कोई व्यक्ति कोरोना के लक्षणों को छुपाने का प्रयास करता है तो तत्काल स्वास्थ्य दल को सूचित करें। कोरोना से पीड़ित हर व्यक्ति को होम, संस्थागत आइसोलेशन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी आपको अपने हाथों में लेनी होगी। कई लोग कोरोना के सैंपल देने से पीछे हटते हैं, ऐसा निर्णय न सिर्फ उनके अपने स्वास्थ्य के लिए बल्कि पूरे मोहल्ले, गांव के स्वास्थ्य के लिये घातक हो सकता है। यह आपको उन्हे समझाना होगा। आपको अपने क्षेत्र में लोगों को इस संबंध में जागरूक करना होगा।

### कोरोना से लड़ाई में सबसे बड़ा अस्त्र टीका

कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से कहा है कि कोरोना से इस लड़ाई में हमारा सबसे बड़ा अस्त्र टीका है। किंतु समाज के कई वर्ग में कोरोना के टीके को लेकर भ्रांतियां है। ऐसी भ्रांतियां सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये घातक हो सकती हैं। अतः आपको अपने क्षेत्र में जन-जन को टीकाकरण के प्रति जागरुक करना होगा तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर टीका लगवाना होगा। वहीं कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति के सदस्यों से पत्र के माध्यम से कहा है कि, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवाना भी आपकी प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिये। वर्तमान में यह कार्ड समस्त सरकारी अस्पताल के साथ-साथ ग्राम/वार्ड स्थित कैंप लगाकर बनाये जा रहे हैं। अतः अपने क्षेत्र के सभी पात्र व्यक्तियों को इन कैंप में बुलाकर कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इस कार्ड के माध्यम से कई मरीजों का कोरोना का मुफ्त इलाज संभव हो सका है जो कि एक बहुत बड़ी सहूलियत है।

### कोरोना की तीसरी लहर से बचाने में आपका योगदान अमूल्य

कलेक्टर श्री मिश्रा ने लिखा है कि वर्तमान में कोरोना की रोकथाम के लिये पूरे जिले में दण्डप्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जनता कर्फ्यू लगाया गया है किंतु घटते हुये प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुये अब गांव एवं शहर में सामाजिक/आर्थिक गतिविधियॉ प्रारंभ की जा रही हैं। किंतु ऐसी गतिविधियां जिनमें अधिक जनता एकत्रित होने की संभावना है, उनको अभी भी प्रतिबंधित रखा गया है। इस संबंध में आपका पर्यवेक्षण अति आवश्यक है। यदि आपके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति, समूह धारा 144 के आदेश अथवा कोविड अनुरूप व्यवहार का उल्लंघन करता है तो आप ऐसी गतिविधियों को तत्काल रोकने का प्रयास करें तथा आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही के लिये अपने क्षेत्र के ब्लाक आपदा प्रबंधन समिति को सूचित करें। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से कहा है कि मुझे पूरी आशा है कि, आप सभी अपनी जिम्मेदारी जैसे अब तक तन्मयता से निभाते रहे हैं। आगे भी एक टीम के रूप में बेहतर रूप से निभायेंगे और उपरोक्त सभी लक्ष्यों को प्राप्त करेंगें। जिले को कोरोना की तीसरी लहर से बचाने में आपका योगदान अमूल्य है।



## मंडी में आज से अपनी उपज बेच सकेंगे किसान

**कटनी।** सचिव कृषि उपज मण्डी कटनी पियूष शर्मा ने बताया कि कृषि उपज मण्डी कटनी में एक जून से कृषि उपज की नीलामी का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस संबंध में समस्त कृषक बंधुओं, व्यापारियों एवं मंडी हम्माल, तुलावटियों को सूचित किया जाता है कि कोरोना संक्रमण को बचाव को दृष्टिगत रखते हुये सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने के उद्देश्य से दिवस अनुसार अधिसूचित कृषि उपज की नीलामी का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसमे सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को कृषि उपज चना मसूर एवं अन्य दलहन एवं दिन मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को गेहूँ, धान एवं तिलहनी जीन्स की नीलामी का कार्य ही सम्पादित किया जायेगा। मंडी मे मास्क के बिना प्रवेश नही दिया जावेगा तथा मंडी मे उपस्थिति की पूर्ण अवधि मे मास्क लगाये रखना अनिवार्य होगा। मंडी प्रांगण मे कटनी जिले के ही कृषकों को परिचय पत्र के आधार पर प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक वाहन मे एक कृषक के साथ एक वाहन चालक को ही प्रवेश दिया जायेगा। नीलामी कार्य प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य ही सम्पादित किया जावेगा। निर्धारित दिवसों मे उपरोक्त जीन्स ही क्रय-विक्रय हेतु मंडी प्रांगण मे उपस्थित होने के लिये संबंधितों को कहा गया है। जिससे अनावश्यक भीड़ भाड़ से बचाव सुनिर्श्चित हो सके। साथ ही व्यापारियों, तुलावटी बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि भीड़ भाड़ से बचने के उद्देश्य से आपके साथ कार्यरत् प्रतिनिधियों, हम्माल, लेबर को भी चक्रपध्दति अनुसार कार्य आवंटित करें जिससे आधे मजदूर एक दिवस मे एवं शेष आधे आगामी दिवस मे मंडी प्रांगण मे आकर रोजगार प्राप्त कर सकें। मंडी प्रशासन नवीन व्यवस्था लागू कराये जाने के लिये समस्त कृषक, व्यापारी, हम्माल, तुलावटी एवं अन्य कृत्यकारियों बंधुओं से सहयोग की अपील की गई है।

## सेवा ही संगठन का नारा लेकर लोगों की निरंतर मदद कर रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

### लगातार 23वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र से जारी रही लोगों की सहायता




**कटनी।** शासकीय जिला चिकित्सालय पर सांसद कोविड सहायता केंद्र से निरंतर 23वें दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोविड मरीजों एवं उनके परिजनों की मदद की। कोरोना का जो संक्रमण तेजी से फैला है इसलिए भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही संगठन का नारा लेकर लोगों के बीच जाकर उनकी हरसंभव सहायता कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर समस्त जनप्रतिनिधि संक्रमितों, जरूरतमंदों की सेवा में लगे हुए हैं उनके लिए सभी व्यवस्थाएं करने में लगे प्रयासरत हैं। 23वे दिन भी सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन के पैकेटए गर्म पानी, त्रिकुट काढ़ा, बिस्किट, फल, मास्क एवं सेनेटाइजर बांटकर उनकी सहायता की। इस सेवा कार्य में जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रांसपोर्ट नगर में थोक और फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में लगेंगी फुटकर दुकानें

# चिन्हित स्थानों पर ही किया जा सकेगा फल सब्जी का क्रय-विक्रय

**कटनी।** कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के एवं पूर्व में जारी आदेश के तहत कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के संबंध में प्रतिबंध गतिवधियां एवं प्रतिबंध से मुक्त गतिविधयों के संबंध में आदेश जारी किये है। शासन आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत दुकान, फर्म, प्रतिष्ठान, सब्जी, फल, फूल आदि के संचालन की स्थित में कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित कराते हुए समस्त आवश्यक कार्यव्यवस्थाओं हेतु नगर निगम उपायुक्त अशफाक परवेज कुरैशी को प्रभारी अधिकारी बनाया जाकर इनके निर्देशन में नगर पालिक निगम कटनी के संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आयुक्त नगर निगम कटनी के आदेशानुसार अस्थाई रूप से चिन्हित की गई थोक, फुटकर सब्जी मंडी अन्तर्गत थोक सब्जी का व्यवसाय ट्रांसपोर्ट नगर परिसर कटनी, फुटकर सब्जी एवं थोक फल बाजार हेतु फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हॉकी ग्राउण्ड, फुटकर सब्जी बाजार हेतु हाउसिंग बोर्ड मैदान, तिलक कॉलेज के पीछे खिरहनी पुरैनी कटनी तथा पुराने आर.टी ओ आफिस चौपाटी के पास, फुटकर सब्जी एवं फल बाजर हेतु उत्कृष्ठ विद्यालय के सामनें माधवनगर कटनी तथा फुटकर फल बाजार एवं हाथ ठेला हेतु साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान से सब्जी फल के क्रय विक्रय करने की कार्यवाही का समय प्रातः 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक नियत की गई है। कोविड के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत चिन्हित स्थानों के अलावा अन्य मुख्य मार्गो, सडकों जैसे कोतवाली थोने के सामने, झंडा बाजार, सिल्वर टॉकीज मोड, गोल बाजार गर्ग चौराहा, नई बस्ती, खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, बरही रोड, दिलबहार चौक, घंटाघर, कारगिल चौक, विश्कर्मा पार्क, सिविल लाईन, गायत्री नगर बाबा घाट, एन.के.जे बजरिया, सुख्खन चौक शेर चौक आजाद चौक, नदीपार बस स्टेण्ड, पर अनाधिकृत रूप से सब्जी फल का विक्रय को प्रतिबंधित किया जाकर मार्गो, स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण व भ्रमण कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लियु निगम के अधिकारियों, कर्मचारियो का दल गठित करते हुये तत्काल प्रभाव से दायित्व प्रदान किये गए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा नें उपायुक्त नगर निगम एवं गठित दल के अधिकारियों, कर्मचारी को समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का कडाई से पालन कराते हुए चिन्हित स्थलों के अलावा अन्य स्थलों पर भी सब्जी फल का विक्रय होने से रोकनें हेतु सतत निगरानी रखने, हांथ-ठेला साईकिल, रिक्शा से फुटकर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा केवल चलित रूप से नगर के वार्डो में विक्रय की कार्यवाही कराने साथ ही उक्त विक्रेता एवं फूल विक्रेता फारेस्टर प्लेग्राउण्ड चौपाटी के पास ठेले लगाकर निर्धारित समय में व्यवसाय कराने, मुख्य मार्ग, सडक पर दुकान व ठेला लगाकर सब्जी विक्रय करने पर उन्हे तत्काल चिन्हित स्थलों में भेजनें तथा अवहेलना करने पर संबंधित क्रेता विक्रेता के विरूद्ध निर्धारित अर्थदण्ड अधिरोपित करनें शहर के मुख्य बाजारों में मालवाहक एवं दो पहिया वाहनों को छोडकर अन्य समस्त बडे वाहनों की पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित कराने, साधूराम उ.मा.शाला मे हांथ ठेला व्यवसाई सोशल डिस्टेंसिंग के साथ व्यवसाय करानें की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये है। कलेक्टर श्री मिश्रा नें वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आदेशों की अवहेलना पाये जाने पर क्षेत्रीय संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा प्रत्येक गठित दल को प्रतिदिन की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन प्रभारी अधिकारी उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करनें व उपायुक्त नगर निगम द्वारा जानकारी से अवगत करानें के निर्देश प्रदान किये है। नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत दुकानों, सब्जी फल के संचालन होने पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके तहत सभी पुलिस थानों के प्रभारियों आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए नगर निगम के गठित सभी दल को पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने तथा नगर में सतत भ्रमण कर कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।



आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# सिलौंड़ी में चोरों का आतंक, पुलिस का रवैया निराशाजनक बल की कमी



**कटनी।** क्षेत्र में लगातार चोरियां बढ़ती जा रही है लेकिन उनका सुराग नहीं लग पा रहा है जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। अभी हाल ही में नगर के हृदय स्थल बाजार चौराहे से मोटरसाइकिल पार कर दी गई जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के हृदय स्थल बाजार चौराहे से हीरो होंडा कंपनी की स्प्लेंडर प्लस डच्20 डस् 4673 चोरी हो गयी।

### बाज़ार से चोरी होना बड़ी बात

वैसे तो सिलौंड़ी क्षेत्र में आए दिन चोरी होना सामान्य बात है जो कागजों में भी कहीं दर्ज नहीं हो पाती है लेकिन सबसे व्यस्ततम इलाका 'बाजार' से मोटरसाइकिल जैसी चीज चोरी हो जाना सामान्य बात नहीं है। यह कहीं ना कहीं चोरों के बुलंद हौसले का प्रमाण है।

### न पकड़े तो बढ़ेंगी वारदातें

लोगों की नाक के नीचे से मोटरसाइकिल पार कर जाना और उसके बाद भी चोरों को नहीं पकड़ा जाता तो उनकी हिम्मत तो बढ़ेगी साथ ही आने वाले समय में ऐसी वारदातें बढ़ जाएंगी जिससे आमजन असुरक्षित महसूस करेंगे।

### रात भर रेत का खेल

प्रशासन की सुसुप्तता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रात भर अवैध रेत खनन और परिवहन होता है। जिसमें शामिल लोगों की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता है।

### नगर में पूरी रात रहते हैं बाहरी लोग

रात में रेत माफिया बाहरी मजदूरों से काम कराते हैं। जगह.जगह पड़े रेत के ढेरों को रात में ही भराकर जगह.जगह पहुंचाया जाता हैएजिसमें बड़ी संख्या में 'बाहरी लेबर' की उपस्थिति भी नगर में रहती है यह भी चिंतनीय विषय है?

### चोर चोर मौसेरे भाई

वैसे तो रात भर रेत चोर अपनी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं लेकिन कहीं ना कहीं इस तरह की घरों में और वाहन चोरी करने वालों का गठजोड़ ना हो गया हो अन्यथा क्षेत्र में कोलाहल मच जाएगा ऐसी आशंका हर किसी के मन में है।

### चोर पकड़ में आना चाहिए

घटना की जानकारी देते हुए वाहन मालिक ने बताया कि दशकों से वाहन वहीं खड़े होते आए हैं लेकिन आज यह पहला ऐसा मौका आया है कि जब बाजार से चोरी हुई है जो कि चिंताजनक है यदि यह चोरी नहीं पकड़ी गई तो आने वाले दिनों में घटनाएं बढ़ जाएंगी।

### वाहन भले न मिले चोर की पहचान हो

वाहन मालिक ने कहा कि उन्हें वाहन भले न सौंपा जाए लेकिन चोर की पहचान की जाए ताकि आने वाली चोरियों पर लगाम लग सके और उसके पीछे जो गिरोह है उन तत्वों की भी पहचान हो सके।

### अब नहीं होती गश्ती, पुलिसकर्मियों की कमी

किसी जमाने में पुलिस प्रशासन रात में गलती कर आता था जिससे इस तरह की वारदातों पर कुछ हद तक अंकुश लगा रहता था लेकिन अब तो पुलिस की गश्ती बीते जमाने की बात हो गई है हालांकि इसका एक बड़ा कारण सिलौंड़ी उपथाने में पुलिस बल की कमी भी है।

### मिल जाएगी तो पकड़ लेंगे

इस विषय में जब उपथाना प्रभारी राम बोध मिश्रा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जब गाड़ी मिल जाएगी तो उसको पकड़ लेंगे। पुलिस प्रशासन की इस प्रतिक्रिया से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी की वारदातों को लेकर वे कितने गंभीर हैं।

## धार्मिक स्थलों के लिये एसओपी का अनुपालन कराने एसडीएम को जारी किये गये निर्देश

**कलेक्टर ने जारी आदेश के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने जिले में धार्मिक स्थानों के लिये एसओपी का अनुपालन कराने के लिये कटनी जिले अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, बहोरीबं, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ को आदेशित किया है। जारी आदेश के तहत समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत शांति समिति की बैठकों का आयोजन कर, सबको इसके बारे में अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं अपने क्षेत्र के सभी बड़े मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, गुरुद्वारे इत्यादि के प्रतिनिधि आवश्यक रुप से इस बैठक में आमंत्रित करने के लिये भी कहा गया है। इन बैठकों में कोविड अनुकूल व्यवहार के बारे में चर्चा करने तथा नियम तोड़े जाने पर निर्धारित कार्यवाही के बारे में सबको अवगत कराने के आदेश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

## अति आवश्यक सेवाओं के लिये एडीएम अधिकृत

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग तथा जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक में लिये निर्णय अनुसार सम्पूर्ण कटनी जिले में धारा 144 (अनलॉक) जारी किया गया है। इसी तारतम्य कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले में धारा 144 प्रभावशील होने से किसी अति आवश्यक सेवाओं के विनिश्चय के लिये अपर जिला मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुये अति आवश्यक सेवाओं के विनिश्चय के लिये विभाग द्वारा आवेदन कार्यालय समय में लिये जाने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्राप्त आवेदनों पर विचार कर निर्णय लेने के लिये भी निर्देशित किया है कि क्या वह विभाग अति आवश्यक सेवाओं के अधीन माना जाता है, तो उस विभाग को प्रमाण पत्र जारी किया जाये, जिससे उसके संचालन में अवरुद्ध उत्पन्न ना हो।



## अनाधिकृत स्थानों पर दुकानें लगी तो होगी कार्यवाही

**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकनें के सतत् प्रयास किये जा रहे है। जिला कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के चिन्हित थोक सब्जी मंडी एवं फुटकर सब्जी/फल मंडी स्थलों से प्रातः 10:00 बजे तक प्रोटोकाल के साथ 10-10 फुट की दूरी पर व्यवसाय कराया जाकर संक्रमण को रोकनें के प्रयास किये जा रहे है। मंडी स्थलों पर उपस्थित होनें वाले नागरिकों को मास्क का उपयोग करनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें एवं सेनेटाईजर का उपयोग करनें की समझाईश दी जा रही है।

निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बिलैया तलैया सब्जी मंडी, खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज, महारानी लक्ष्मीबाई चौक एम.जी.एम चौराहा आदि स्थलों का निरीक्षण किया जाकर समस्त फुटकर सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थल फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड मैदान एवं माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें स्थित मैदान से ही प्रोटोकाल के साथ सब्जी फल का व्यवसाय करनें हेतु भेजने की कार्यवाही सहित गोल बाजार रामलीला मैदान के अंदर से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाकर मैदान को खाली करानें एवं बैरिकेट्स लगानें की कार्यवाही की गई। कोरोना कर्फ्यू अनलॉक -1 को दृष्टिगत रखते हुए सब्ज मंडी नागरिकों की सुविधा हेतु फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड मैदान फुटकर सब्जी/फल मंडी में दुकानदारों को बैठनें हेतु निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग से दुकानों की नंबरिंग का कार्य कराया जाकर सोशल डिस्टेंसिंग के पालन हेतु गोले बनवाये गए।

## अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों की तैनाती

**कटनी।** जिले में अनलॉक को लेकर जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा 30 मई को विस्तार से आदेश जारी किया गया है। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये जिला मजिस्ट्रेट श्री मिश्रा ने अनुविभाग विजयराघवगढ़ के अंतर्गत बरही, कैमोर और विजयराघवगढ़ के नगरीय क्षेत्र में जहां पॉजीटिविटी दर पांच प्रतिशत से कम हो, वहां 50 प्रतिशत से कम दुकानों के खोले जाने के निर्णय लेने के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अध्यक्ष, ब्लॉक आपदा प्रबधन समिति एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर को अधिकृत किया है।

### कलेक्टर ने आरआरटी के प्रभारी अधिकारियों को दिये निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने पर अनलॉक में कार्य करने के संबंध में जिले की समस्त आरआरटी के प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि अनलॉक अपरांत जिला प्रशासन द्वारा स्थापित किये गये सब्जी मण्डी, बाजार एवं बस स्टेण्ड में बसों की रेण्डम चैकिंग हर 2-2 घंटे के भीतर निरंतर करें। साथ ही सभी स्थलों की फोटो आरआरटी वॉट्सअप ग्रुप में साझा करने के लिये भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही लेबर मार्केट एवं अन्य ऐसे स्थान, जहां भीड़-भाड़ एकत्रित होने की संभावना हो, ऐसे स्थलों में भी रेण्डम चेकिंग निरंतर किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने आरआरटी के प्रभारी अधिकारियों को दिये हैं।

## गली-कुलियों को भी किया जा रहा सेनेटाईज



**कटनी। नगर निगम द्वारा** संक्रमण से बचाव हेतु सेनेटाईजेशन अभियान के अन्तर्गत नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी गली नंबर 1 ,2 एवं 3 एवं सोना बाझल गली मार्ग, शनि देव मंदिर के पास, दुबे कॉलानी, तिलक कॉलेज के पास संपूर्ण स्थल, चांडक चौक, वंशस्वरूप वार्ड स्थित चंदी की दफ्ई, आटा चक्की गली, हनुमान मंदिर गली, बंगाली होटल गली, मुख्य मार्ग के विभिन्न स्थलों, सुधार न्यास कॉलोनी, सामुदायिक भवन रोड एवं अन्य आसपास की गलियों, मदन मोहन चौबे वार्ड मुक्तिधाम गली सहित वार्ड के अन्य स्थलों, सी.एल.पी पाठक वार्ड स्थित पानी की टंकी के पास, दुर्गा मंदिर गली सहित एवं वार्ड की अन्य गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल लका छिडकाव कराया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सायना कोविड केयर, सेवा भारती कोविड केयर केन्द्र, बालक छात्रावास राय कॉलोनी जिला चिकित्सालय परिसर, नगरनिगम उपकार्यालय जोन क्रमांक -1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाडी परिसर, जोन क्रमांक -3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, जोन क्रमांक 4 उपकार्यालय माधवनगर सहित दुर्गा चौक चैक पोस्ट, पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेषन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र, मुख्य रेल्वे स्टेषन, मुडवारा रेल्वे स्टेषन परिसर, बस स्टेण्ड, रैन बसेरा, सहित नगर के अन्य स्थलों मे सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

# संक्रमण मुक्त रखने दो पालियों में सफाई







**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में दो पालियों के माध्यम से नगर के सार्वजनिक स्थलों, रहवासी स्थलों सहित चिकित्सालय, कोविड केयर केन्द्र परिसरों की सफाई उपरान्त मेडिकल वेस्ट के उठाव एवं माईक्रो कंटेनमेंट जोन हेतु चिन्हित भवनों के कचरे के संग्रहण का कार्य पूर्ण प्रोटोकाल के साथ किया जाकर उचित निस्तारण सहित रोजाना सैनेटाईजेशन अभियान के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड घोल का छिड़काव कर संक्रमण को समाप्त किये जानें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत ट्रांसपोर्ट नगर स्थित थोक सब्जी मंडी सहित चिन्हित नगर की अन्य फुटकर सब्जी/फल मंडियों की सफाई व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें हेतु चूने की लाईनिंग, इंदिरा नगर बस्ती की विभिन्न सडकों, पन्ना मोड मुख्य मार्ग इंदिरा गांधी वार्ड स्थित इंडिया होटल के पीछे बस्ती की सार्वजनिक सडकों एवं नालियों की सफाई बस स्टेण्ड परिसर, राजीव गांधी वार्ड के मुख्य मार्गो, कावस जी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, सुलभ शौचालय की सफाई एवं धुलाई , जागृति पार्क परिसर में झाडू उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, माधवनगर गेट से सर्किट हाउस मुख्य मार्ग, सब्जी मंडी पुल से कुठला थाना एवं बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास के डिवाइडर सहित नगर के अन्य स्थलों के मुख्य मार्गो एवं अन्य गलियों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर की नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर गली नंबर 4, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड गाटर घाट रोड की नालियों, जालपा देवी वार्ड स्थित घंटाघर रोड मुख्य मार्ग के नाले, आदर्श कॉलोनी मोड की नालियों, कावस जी वार्ड स्थित छोटू वंशकार एवं डुमारी वाले नाले तथा वोडाफोन टॉवर के पास वाली नाली की सफाई बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित माधवनगर रामलीला पंडाल के पीछे वाले तथा अन्य स्थलों के नाले की सफाई का कार्य, झूलेलाल मंदिर के पीछे वाले नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियो की सफाई का कार्य वर्षापूर्व कराया जाकर सुगमता पूर्वक जल निकासी के प्रयास किये गए।

## विवाह कार्यक्रम की अनुमति देंगे अनुविभागीय राजस्व अधिकारी



**कटनी।** प्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा तथा जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार सम्पूर्ण कटनी जिले में धारा 144 अनलॉक जारी किया गया है। जिसके तहत धारा 144 प्रभावशील होने से विवाह समारोह के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते हुये विवाह कार्यक्रम के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर को अनुमति प्रदान करने के लिये अधिकृत किया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत विवाह हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदक के आवेदन करने पर शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार सशर्त अनुमति प्रदान करेंगे।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## समाजसेवी कृष्णमुरारी पुरवार के निधन पर सांसद ने जताया शोक



**कटनी।** पुरवार समाज के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधकारणी सदस्य मीसबंदी कृष्ण मुरारी पुरवार के पिछले दिनों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद व्ही डी शर्मा ने निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांड़े, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी आदि की उपस्थिति रही।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

क्रमांक/1682/का.यं./नि.प्रको./लो.स्वा.यां./परि. खण्ड/21 कटनी, दिनांक 28.05.2021

द्वितीय निविदा आमंत्रण
सूचना क्रमांक 01-03/2021-22

ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/ सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायल रन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रं. | विकास खंड | ग्रामों की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/21-22 | 2021_PHED_141674_2 | RITHI | 3 | 167.29 | 167290 | 12500 | 6 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme |
| 02/21-22 | 2021_PHED_141675_2 | RITHI | 2 | 151.69 | 151690 | 12500 | 6 माह | |
| 03/21-22 | 2021_PHED_141676_2 | RITHI | 2 | 124.32 | 124320 | 12500 | 6 माह | |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 12.06.2021, 18.00 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 12.06.2021, 18.00 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 14.06.2021, 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. - 07622-225752

जी-12889/21

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## बड़वारा के नायक सलैया का मामला, पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया मामला





**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नायक सलैया में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। पुलिस ने दोनों ही पक्षों पर मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़वारा थाना क्षेत्र के नायक सलैया में जमीन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष शुरू हो गया, जिसकी सूचना बड़वारा पुलिस को लगी। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया और दोनों के ही खिलाफ एफआईआर दर्ज की। एक तरफ साहिल बी के शिकायत पर शेख वाहिद शेख अल्ताफ, शेख सुल्तान, शेख इरशाद, शेख मुस्तफा के ऊपर धारा 294, 323, 324, 147, 148, 432, 435, 427, 425, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है, जबकि शेख मुन्ना की शिकायत पर शेख पीर, शेख हमीद, शेख महबूब के ऊपर धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित शेख मुन्ना के मुताबिक लंबे समय से जमीन को लेकर विपक्षियों के द्वारा विवाद किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात विपक्षियों ने घर का दरवाजा तोड़कर मेरे और मेरे परिवार के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया गया। अपनी ही मोटरसाइकिल पर खुद से आग लगाकर आग लगाने का आरोप मेरे परिवार के सदस्यों एवं मेरे ऊपर डाला गया है। बड़वारा थाना में मामला दर्ज होने के बावजूद पीड़ित पक्ष अपना दुखड़ा लेकर जिला मुख्यालय में पुलिस कप्तान के समक्ष हाजिर हुआ और अपने परिवार के साथ हुये अत्याचार को लेकर न्याय बड़वारा थाना से उदासीन परिवार पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि शेख अल्ताफ, शेख इरशाद आदि जो मुन्ना खान के परिवार के साथ मारपीट किया। दरवाजा तोड़ा और महिलाओ को मारा और शेख अल्ताफशेख इरशाद आदि ने अपनी गाड़ी में स्वयं आग लगाकर जलाया और इल्जाम मुन्ना खान के परिवार पर लगा दिया और मुन्ना खान के बेटी जाश्मीन को घर से खींचकर बाहर ले जा रहा थे और जान से मारने की धमकी दे रहे है। भयभीत परिवार अपनी जान की सलामती और न्याय के आस में कटनी पुलिस कप्तान के शरण मे पहुंचे।

## मौत हुई तो छोड़कर भागे पति-पत्नी और भतीजा

# पेड़ से बांधकर लाठियों से पीटने से हुई थी मौत






**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत राखी गांव में मिली युवक की लाश के मामले पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या गांव में रहने वाले एक दम्पत्ति ने अपने भतीजे के साथ मिलकर की थी। युवक आए दिन परेशान करता था और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर देता था, जिससे तंग आकर तीनों ने उसे पकड़ा और फिर रस्सी से पेड़ से बांध दिया और लाठियों से पीटना शुरु कर दिया। मारपीट से युवक जब बेहोश हो गया तो तीनों ने उसे पेड़ से खोलकर होश में लाने के पानी भी छिड़का, लेकिन युवक जब होश में नहीं आया तो उसे वहीं छोड़कर भाग गए। स्लीमनाबाद टीआई अजय सिंह ने बताया कि विगत 29 मई को राखी गांव के मोहल्ले में एक युवक की लाश मिलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की पहचान बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुआं गांव निवासी प्रमोद पिता रविशंकर नायक 32 वर्ष के रुप में की गई। हत्या का मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरु की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर राखी गांव निवासी शंकर लाल बर्मन उसकी पत्नी गुड्डी बाई बर्मन और भतीजे सचिन बर्मन से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रमोद नायक आए दिन उन्हें परेशान करता था। गाली-गलौज कर घर का दरवाजा बाहर से बंद कर देता था। 29 मई की सुबह भी घर का दरवाजा उसने बाहर से बंद कर दिया। जिस पर उन्होंने भतीजे सचिन से दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने के बाद प्रमोद मिल गया। जिसे पकड़कर तीनों ने घर के पीछे लगे पेड़ में बांध दिया और लाठी से पिटाई शुरु कर दी। मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया। प्रमोद को पेड़ से खोलकर उसे होश में लाने के लिए पानी भी डाला गयाए लेकिन उसे होश नहीं आया। जिसके बाद तीनों उसे वहीं पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के पास वारदात में उपयोग की गई रस्सी और लाठी भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# सरकारी अस्पताल की बजाय निजी अस्पताल में करा रहीं थी प्रसव

### गंभीर बेपरवाही पर हटाई गई आशा कार्यकर्ता, दो बार पहले ही हो चुकी हैं पृथक

**कटनी।** गंभीर बेपरवाही पर दो बार पहले हटाई गई आशा कार्यकर्ता को एक बार फिर हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बिन्नू पटवा आशा कार्यकर्ता शाहपुर को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ विजय राज सिंह ने पद से पृथक कर दिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत के सरपंच व जनपद पंचायत अध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने मनमानी की शिकायत कलेक्टर से की थी। आशा कार्यकर्ता के गांव में न रहने, महिलाओं की उचित देखभाल न करने आदि की शिकायत की। कलेक्टर ने सीएमएचओ को कार्वाई करने के लिए कहा। सीएमएचओ के निर्देश पर बीएमओ ने पृथक करते हुए वित्तीय अधिकार व रिकार्ड आशा कार्यकर्ता आशा राजभर को सौंपने कहा है। बीएमओ ने बताया कि बिन्नू की गंभीर शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत है कि ये सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने की बजाय निजी अस्पताल ले जाती हैए जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान होता है। कई सालों से मनमानी जारी है। बीएमओ ने कहा कि 2012 और 2016 में भी इसे पृथक किया गया था। जानकार बताते हैं कि राजनीतिक संरक्षण कारण के फिर रख लिया गया था। अब एक बार फिर हटाने की कार्रवाई की गई है।



# दूर की भ्रांति तो वैक्सीनेशन के लिए बढ़े कदम

### कन्हवारा में लोग महामारी से बचने लगवाया टीका, टीम ने किया जागरुक

**कटनी।** कन्हवारा वैक्सीनेशन सेंटर में टीकाकरण तो हो रहे थेए लेकिन स्थानीय लोग वैक्सीन नहीं लगवा रहे थे। लोगों के मन में भ्रांति पैदा हो गई थी कि इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। विगत दिवस संयुक्त कलेक्टर नदीमा शीरीए संघमित्रा गौतम, नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल ने जागरुक किया। जिसके सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। सोमवार को फिर टीम गांव पहुंची। दो घंटे तक गांव में घूमकर लोगों को जागरुक कियाए जिसके बाद बेहतर परिणाम सामने आए। नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल ने बताया कि 18 से अधिक उम्र में 124 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। जिनमें से 59 लोग कन्हवारा के थे। इसी प्रकार 45 वर्ष से अधिक में 15 लोगों ने वैक्सीनेशन करायाए जिसमें 12 लोग कन्हवारा के हैं। अभी तक 45 वर्ष से अधिक के लोग बिल्कुल भी वैक्सीन नहीं लगवा रहे थे। शहर सहित दूसरे क्षेत्र से लोग सेंटर पहुंचकर वैक्सीनेशन करा रहे थे। इस दौरान नायब तहसीलदार ने 24 मई को सावित्री बाई का टीकाकरण कराया था। लोगों के सामने उस महिला को लेकर गए और उन्हीं के माध्यम से बताया गया कि वैक्सीनेशन के बाइ कोई दुष्प्रभाव सामने आए किए नहीं। जब सावित्री बाई ने कहा कि कोई समस्या नहीं हुई तो लोग वैक्सीनेशन के लिए राजी हुए। टीम ने कहा कि इस तरह से मन में किसी प्रकार की भ्रांति न पालें। लोगों को जागरुक करने आरआई राजेश पटवारी, पटवारी शदाब खान, आरआरटी.7 प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत आदि की टीम ने प्रयास किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर होगी ऑनलाइन चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता

**कटनी।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इकोसिस्टम, रीस्टोरेशन, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम, जल वायु प्रदूषण, नियंत्रण विषय पर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतिभागी 4 जून की शाम 5 बजे तक मध्य प्रदेश नियंत्रण बोर्ड के ईमेल पर विषय से संबंधित चित्र में स्लोगन भेजेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप एक में कक्षा पहली से पांचवी तक और ग्रुप दो में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल किए जा रहे हैं।

## पिछले 24 घंटे एक पॉजीटिव केस, 7 मरीज स्वस्थ

कटनी। जिले में पिछले 24 घंटे में एक पॉजीटिव केस सामने आया है, जबकि 7 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। सीएमएचओ हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को मिली 676 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव और 675 सेम्पल की रिपोर्ट नेगेटिव होने की पुष्टि हुई है। जिल में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9345 हो गई है। जिले में अब कुल 45 एक्टिव केस हैं। जिसमे से 9 मरीज जिला चिकित्सालय, 3 निजी चिकित्सालय एवं 33 होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। जिले में पिछले 24 घंटे में एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है। कोरोना संक्रमण से पिछले 24 घंटे में 7 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जबकि अभी तक 9191 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं।



# आदर्श मार्केट में अव्वल रहने वाले थाने होंगे सम्मानित

### कोविड से लोगों को बचाने एसपी की नई कवायद, अपराध समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण के निर्देश

कटनी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कोविड काल में बेहतर कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को प्रशंसा की और सभी को आगे और बेहतर प्रदर्शन करने कहा। इस दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण के लिए दो टूक कहा कि अपराधों में लगाम लगे, लंबित अपराधों का निराकरण हो, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। बैठक में सबसे बड़ा फोकस कोविड को लेकर भी रहा। इसको लेकर एसपी द्वारा मिशन संबल की तर्ज पर एक और नई पहल शुरू की जा रही है। इसमें आदर्श मार्केट स्थापित करने के लिए कहा। जो मार्केट है, उनमें आदर्श मार्केट के रूप में स्वस्थ प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिन थाना क्षेत्रों का बेहतर प्रबंधन रहेगा उनकी कैमरों से निगरानी होगी। कोविड गाइड लाइन के पालन का मूल्यांकन किया जाएगाए बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित किया जाएगा। एसपी ने कहा कि ढील में ढिलाई नहीं होनी चाहिए। इस दौरान स्लीमनाबाद के बंधी, कुठला थाना के इंद्रानगर, एनकेजे हीरा सिंह हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने कहा। बैठक में एएसपी संदीप मिश्री, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, एसडीओपी थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी मौजूद रहे।

### चोरी की घटनाओं पर जताई चिंता

एसपी ने बैठक में कहा कि जिले में चोरी के मामले बढ़े हैं। मामलों पर हर हाल में अंकुश लगना चाहिए। लंबित मामलों के निराकरण करने के लिए कहा। बहोरीबंदए विजयराघवगढ़ में बेहतर प्रदर्शन न होने पर नाराजगी जताई। वहीं कोतवाली, कैमोर, बरही, रंगनाथ नगर थाना की गतिविधि ठीक पाए जाने पर सराहा। संपत्ति संबंधी अपराधों में पर बेहतर काम को भी सराहा। कहा कि सभी थाना प्रभारियों ने 2020 की तुलना में 2021 में बेहतर प्रदर्शन पर किया हैए मिशन संबल के साथ हमें और ढंग से आगे काम करना है। माइनर ऐक्ट के तहत की जाने वाली कार्यवाहियों में क्या सावधानियां रखी जानी चाहिए उसके लिए निर्देशित किया। अनलॉक में सामान्य कार्य व्यवहार के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन कराया सुनिश्चित किया जाना है।

# सेवा ही संगठन कार्यक्रम के तहत जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल को दान की सामग्री



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद की उपस्थिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कटनी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के स्वर्णिम 7 वर्ष और मोदी 2.0 के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश भाजपा द्वारा सेवा ही संगठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा की मुख्य उपस्थिति में व भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल जी के नेतृत्व में रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में जनसहयोग से सामग्री का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा के लिए समर्पित किये गये। जिसमें विष्णु दत्त शर्मा सांसद लोकसभा खजुराहो द्वारा एक ऐसी। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रणय प्रभात पाण्डे द्वारा 50000 रु. की राशि नगद, मिक्लू चक्रवर्ती सरपंच अमगवां एक ऐसी, विपिन जैन समाजसेवी द्वारा एक ऐसी, रीठी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले द्वारा एक तीनसीटर कुर्सी, अहिल्या राय भाजपा नेत्री द्वारा एक इन्वेंटर, नरेश राय पटोहा सरपंच द्वारा एक इन्वेंटर,मीरा पटेल जनपद उपाध्यक्ष द्वारा एक कंप्यूटर व एक 3 सीटर कुर्सी, भरत पटेल सरपंच सिमडारी द्वारा एक कंप्यूटर, प्रदीप कुमार काछी समाजसेवी द्वारा एक प्रिंटर व एक व्हीलचेयर, सुनीता सिंह सरपंच सिमरा द्वारा तीन कूलर, रेखा राय सरपंच हरद्वारा द्वारा दो कूलरए स्वण्श्री ब्रजभूषण अग्रवाल द्वारा दो 3 सीटर कुर्सी, रितेश तिवारी युवा मोर्चा मंडलाध्यक्ष रीठी द्वारा एक 3 सीटर कुर्सी, नर्मदा सोनी समाजसेवी द्वारा एक 3 सीटर कुर्सी दान की गई।

# रोको -टोको अभियान के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश





**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न स्थलो में संर्क्रमण से बचाव हेतु अनवरत रूप से रोको- टोको अभियान चलाया जाकर आमजनों को संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों को अपनानें की अपील की जा रही है। इसी क्रम में आज प्रातः निगम की सहयोगी संस्था द्वारा आज प्रातः वैक्सीनेशन केन्द्र पुरानी कचहरी, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल सहित नगर के साउथ स्टेशन एवं कटनी मुडवारा स्टेशन में रोको- टोको अभियान का आयोजन किया गया। निगमायुक्त श्री धाकरे के निर्देशन में सहयोगी संस्था की टीम के द्वारा रेल्वे कर्मचारियों के साथ मिलकर रेल्वे स्टेशन परिसर में बाहर से आनें वाले नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से थर्मल स्क्रीनिंग सहित यात्रा संबंधी जानकारी ली जाकर लोगों को मास्क पहननें एवं दूसरों से दो गज की दूरी बनाये रखनें की समझाईश दी गई।

वैक्सीनेशन केन्द्र एवं कोविड जांच केन्द्र में आनें वाले लोगों की सुविधा हेतु सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराकर क्रमबद्ध करनें एवं स्थल की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया जाकर नागरिकों को संक्रमण से बचाव हेतु अन्य आवश्यक उपायों मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सेनेटाईजर का उपयोग कर स्वयं को एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखनें की अपील की गई। निगम की सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस के.सी.एस स्कूल में आयोजित टीकाकरण अभियान में उपस्थित होनें वाले नागरिकों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए निर्धारित दूरी पर बैठालनें की कार्यवाही के साथ ही टीकाकरण अभियान की अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/- |
| 3 दिन | – | 250/- |
| 7 दिन | – | 500/- |
| 15 दिन | – | 1200/- |
| 30 दिन | – | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# शहर अनलॉक : बाजार गुलजार, नए सिस्टम से व्यापारियों में असंतोष







## 50 प्रतिशत दुकानें खोलने के नगर निगम प्रशासन के आदेश में कई तरह की विसंगतियां

कटनी। 52 दिनों के लॉकडाउन के बाद शहर आज से अनलॉक हो गया। कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद शहर के बाजार एक बार फिर गुलजार हो गए। दुकानें खुलीं तो बाजारों में पहले जैसी रौनक नजर आई। लोग अपने घरों से खरीददारी के लिए निकले। शादी-विवाह का सीजन होने की वजह से झंडा बाजार और गोलबाजार में लोगों ने खरीदी शुरू कर दी, हालांकि अनलॉक को लेकर नगर निगम प्रशसन द्वारा जारी किए गए आदेश को लेकर व्यापारियों में रोष देखा गया।

नगर निगम ने पूरे शहर में क्षेत्रवार 50 प्रतिशत दुकानें खुलने का आदेश जारी किया है, जिसमे कई तरह की विसंगतियों का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने इसका विरोध कर दिया। झंडा बाजार और मेन रोड के व्यापारियों ने दो टूक कहा कि प्रशासन और नगर निगम ने व्यापारियों के सुझावों पर अमल नहीं किया। जो आदेश जारी किया गया है, उसमे कई चीजें स्पष्ट नहीं की गई है। इसी तरह उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर और एनकेजे में भी व्यापारियों में असंतोष देखा गया। कल शाम को जब सोशल मीडिया में नगर निगम आयुक्त द्वारा जारी किया गया आदेश वायरल हुआ, तो उसमे ऑड और ईवन फार्मूले यानि एक दिन एक लाइन तो दूसरे दिन दूसरी लाइन की दुकानें खोलने के निर्देश थे। आदेश में ब्लूटी पार्लर, हेयर कटिंग सेलून सहित अन्य दुकानों के बारे में स्पष्ट नहीं था, जिसको लेकर भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई। इसके अलावा इस आदेश में शहर के कई क्षेत्रों को शामिल ही नहीं किया गया।

### झंडाबाजार, गोलबाजार, मेन रोड सहित माधवनगर एवं एनकेजे के व्यापारियों ने किया विरोध, कहा-कम समय के लिए खुले पूरा बाजार



## झंडा बाजार में व्यापारियों का हंगामा अपर कलेक्टर पहुंचे, शांत कराया मामला



झंडा बाजार में आज सुबह बाजार खुलने के बाद प्रशासन के निर्णय का विरोध करते व्यापारी।

अनलॉक होने के बाद नगर निगम आयुक्त द्वारा क्षेत्रवार दुकानें खोलने को लेकर जारी किए गए आदेश का झंडा बाजार के व्यापारियों ने विरोध कर दिया। बताया जाता है कि कल शाम को जैसे ही नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे द्वारा आदेश जारी किया गया, वैसे ही शहर के व्यापारियों में इस आदेश को लेकर रोष व्याप्त हो गया। व्यापारियों ने साफ कहा कि इस आदेश से कई तरह की परेशानियां होंगी। खासकर झंडा बाजार में तो इस निर्णय का पालन करने को लेकर व्यापारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बताया जाता है कि आज सुबह जैसे ही झंडा बाजार में दुकानें खुली, वैसे ही व्यापारियों ने प्रशासन के निर्णय का विरोध कर दिया। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखते हुए प्रशासन के निर्णय का बहिष्कार भी कर दिया। खबर मिलते ही अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे मौके पर पहुंचे और विरोध कर रहे व्यापारियों से बात की। अपर कलेक्टर ने कहा कि 50 प्रतिशत दुकानें खोलने के निर्देश राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। जिसका नगर निगम प्रशासन ने पालन करते हुए यह व्यवस्था लागू की है। व्यापारियों को इसमे सहयोग करना चाहिए। अधिकारियों की समझाईश के बाद व्यापारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद भी झंडा बाजार में एक तरफ दुकानें पूरी तरह से खुली नजर आई तो दूसरी तरफ कई दुकानदार आधी दुकान खोलकर सामान बेच रहे थे।

## विरोध के चलते बंद रहीं माधवनगर की सभी दुकानें




नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे द्वारा 50 प्रतिशत दुकानों को खोलने को लेकर जारी किए गए आदेश का उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के व्यापारियों ने खुलकर विरोध किया। व्यापारियों ने साफ कहा कि आयुक्त का आदेश विसंगतिपूर्ण है। इसमे व्यापारियों के हितों का ख्याल नहीं रखा गया। पिछले करीब डेढ़ महीने से व्यापारियों ने लॉकडाउन का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग किया लेकिन जब अनलॉक की बात आई तो प्रशासन ने व्यापारियों के सुझावों को तवज्जो नहीं दी। इस निर्णय के विरोध में व्यापारियों ने आज पूरा बाजार बंद रखा।

## बैठक में दिए गए थे सुझाव, प्रशासन ने नहीं किया अमल

मेन रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि सोमवार को शहर के व्यापारियों की नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमे व्यापारियों ने पूरा बाजार कम समय के लिए खोलने की बात कही थी लेकिन प्रशासन ने व्यापारियों की राय को महत्व नहीं दिया और क्षेत्रवार दुकानें खोलने के आदेश जारी कर दिए। नगर निगम आयुक्त के निर्णय में कई विसंगतियां है। उसमे सुधार किया जाना चाहिए। शहर के कुछेक क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां पूरा मार्केट है, वहां नगर निगम आयुक्त का यह आदेश किस तरह लागू होगा, इसको लेकर संशय है। श्री गुप्ता ने कलेक्टर एवं कमिश्नर से क्षेत्रवार दुकानें खोलने को लेकर जारी किए गए आदेश पर पुर्नविचार करने के लिए कहा है। बताया जाता है कि इसको लेकर व्यापारियों ने क्षेत्र के विधायक संदीप जायसवाल से भी मुलाकात की थी।

## मयखानों में पहुंचे सुरा प्रेमी



लॉकडाउन के चलते पिछले करीब डेढ़ महीने से मयखाने बंद थे। आज जैसे ही अनलॉक के बाद शराब दुकानें खुली तो सुरा प्रेमियों की यहां भारी भीड़ देखी गई।

## प्रशासन का निर्णय शहर और जनहित में : अपर कलेक्टर

अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमण कम होने के बाद आज से अनलॉक किया गया है। इस दौरान राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर में 50 प्रतिशत दुकानें खोलने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा पूरे शहर में क्षेत्रवार दुकानें और व्यवसायिक प्रतिष्ठान खोलने को लेकर व्यवस्थ बनाई है। दुकानदारों के साथ ही शहर के प्रत्येक नागरिक को इन नियमों का पालन करना चाहिए। कुछेक स्थानों पर व्यापारियों ने इन नियमों को लेकर असंतोष व्यक्त किया है, वहां पर प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने जाकर उनसे बात की। अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कहा कि कोरोना संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में हर शहरवासी को सहयोग करना चाहिए, तभी कोरोना से जंग जीती जा सकती है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझना होगी। प्रशासन द्वारा सभी वर्गों की राय के बाद ही यह व्यवस्था बनाई गई है। संक्रमण की रोकथाम के लिए ही ऐसा किया गया है। कुछ व्यापारी प्रशासन के निर्णय से सहमत हैं तो कुछ ने आपत्ति व्यक्त की है। प्रशासन ने भी जो निर्णय लिया है, वो शहर और जनहित में लेकर ही लिया है। अपर कलेक्टर ने यह भी कहा कि जो भी व्यवस्था बनाई गई है, वह अस्थायी है और जैसे-जैसे संक्रमण में कमी आएगी, वैसे-वैसे इसमे सुधार किया जाएगा।




पच्चीसवीं पुण्यतिथि

स्व. श्री शशिकान्त पाठक

निर्वाण दिवस- 01 जून 1996

आज ही के दिन आपकी पावन आत्मा अपने भरे पूरे परिवार को छोड़कर ब्रम्हलीन हो गई थी आपकी यादें कभी भुलाई नहीं जा सकती।

01.06.2021

आपकी याद में

पाठक आईस्क्रीम पार्लर, कटनी मो. 9300347507



छठवीं पुण्यतिथि

स्व. श्री चन्द्रमणि कटारे

आपका असीम स्नेह, आदर्श एवं कर्मठ जीवन हम सभी का प्रेरणास्त्रोत रहेगा। आज आपकी छठवीं पुण्यतिथि पर आपके चरणों में हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

जन्म- 02.02.1936
मृत्यु- 01.06.2015

आपकी याद में

प्रमथेश कटारे एवं समस्त कटारे परिवार, कटनी

U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
mufti spykar Wrangler OXEMBERG CONSUL DEAL & many More
CITY Mall U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें

- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

SHARDA ELECTRONICS
First time ever in Katni
Stelo
Next Generation
Storewel - Powder Coated
Opp. City Mall, Barhi Road, Katni (M.P.)
07622 - 409230, 9109106670





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* I फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)